

# पहली पारी में स्कोर रहा बराबर

## लॉर्ड्स में दो शतक लगाने वाले पहले भारतीय सलामी बल्लेबाज बने राहुल




**लाड्र्स 12 जुलाई. भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच लाड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 387 रन बनाए, इसके जवाब में भारतीय टीम भी पहली पारी में 387 रन ही बना सकी।**

भारत की ओर से केएल राहुल ने सर्वाधिक 100 रन बनाए। इसके बाद रवींद्र जडेजा ने भी 72 रन बनाए. वहीं दूसरी पारी में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज दिन का खेल खत्म करने के लिए उतावले थे और लगातार समय बर्बाद कर रहे थे। जिसके कारण भारतीय कप्तान और अन्य खिलाड़ियों के साथ उनकी नोंकझोक भी हुई। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए दो रन बना लिए हैं। एक समय लग रहा था कि भारतीय टीम बढ़त हासिल कर लेगी, लेकिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने अच्छी वापसी करते हुए भारत को बराबरी पर रोक दिया.

### बुमराह ने जूते एमसीसी संग्रहालय को किए दान

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शुक्रवार को लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पांच विकेट हॉल के बाद अपने ऑटोग्राफ वाले जूते एमसीसी संग्रहालय को दान कर दिए। ये जूते अब संग्रहालय के ऊपरी खंड में रखे गए हैं, जहाँ खेल के कुछ दिग्गजों द्वारा इस्तेमाल की गई क्रिकेट किट भी प्रदर्शित है। हालांकि, बुमराह ने मैच की गेंद अपने पास ही रखी है। यह बुमराह का विदेशी धरती पर 13वां पांच विकेट हॉल था, जो किसी भी भारतीय गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक है। लॉर्ड्स के प्रतिष्ठित ऑनर्स बोर्ड पर अपना नाम दर्ज होने से बुमराह काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, ऑनर बोर्ड पर आना अच्छी बात है। जब मेरा बेटा बड़ा होगा, तो मैं उसे बता सकता हूँ कि मेरा नाम ऑनर्स बोर्ड पर है और यह कई अन्य जगहों पर भी है। बुमराह की लॉर्ड्स से पुरानी यादें भी जुड़ी हैं.



### राहुल पूरी तरह नियंत्रण में थे : कुंबले

**मुंबई, 12 जुलाई.** पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने कहा है कि केएल राहुल ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड के गेंदबाजों, विशेषकर तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की चुनौती का डटकर सामना करते हुए परिपक्व पारी खेली। कुंबले ने जियो हॉटस्टार पर कहा, केएल राहुल ने शानदार बल्लेबाजी की। उनकी पारी विशिष्ट थी क्योंकि इसके लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। जोफ्रा आर्चर का यह एक आक्रामक स्पैल था। विशेषकर उनका वह पहला स्पैल जिसमें उन्होंने 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से गेंदबाजी की, जिसमें उन्हें उछाल और शुरुआत में थोड़ी स्विंग भी मिल रही थी। उन्होंने आगे कहा कि राहुल ने इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों का अच्छी तरह से सामना किया और पूरी तरह से नियंत्रण में दिखे।


# स्वियातेक बनीं विम्बलडन चैम्पियन

**लंदन, 12 जुलाई. पोलैंड की इगा स्वियातेक ने शनिवार को विंबलडन 2025 महिला एकल का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने फाइनल में अमान्डा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 के चौंकाने वाले स्कोरलाइन से हराया। यह मैच सिर्फ 57 मिनट तक चला और ओपन एरा में यह पहली बार है जब किसी खिलाड़ी ने विंबलडन महिला फाइनल में एक भी गेम गंवाए बिना जीत हासिल की है।**

### फाइनल में अनिसिमोवा को सीधे सेटों में हराया

स्वियातेक ने पहले सेट में अनिसिमोवा को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया, 25 मिनट में ही सेट अपने नाम कर लिया।

स्वियातेक ने मैच में अपनी पकड़ बनाए रखी और 1911 के बाद पहली खिलाड़ी बनीं जिन्होंने फाइनल में एक भी गेम नहीं गंवाया। यह स्वियातेक का कुल मिलाकर छठा ग्रैंड स्लैम खिताब है।



### जोकोविच ने संन्यास की खबरों का किया खंडन

सर्बिया के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए साफ कहा है कि वह एक बार और विंबलडन में खेलते नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि उनका इरादा कम से कम एक बार और इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में खेलने का है। बता दें कि, शुक्रवार को विंबलडन के सेमीफाइनल में यानिक सिनर ने जोकोविच को मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने कहा, मैं आज अपना विंबलडन करियर खत्म करने की योजना नहीं बना रहा हूं। मैं निश्चित रूप से कम से कम एक बार और वापसी की योजना बना रहा हूं।




## एक नजर में



### डायमंड लीग में अनिमेष चौथे स्थान पर

**मोनाको.** मोनाको में आयोजित डायमंड लीग के पुरुष अंडर-23 200 मीटर स्पर्धा में भारतीय धावक अनिमेष कुजूर चौथे स्थान पर रहे, जबकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अविनाश साबले पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा पूरी नहीं कर सके। कुजूर ने यह दौड़ 20.55 सेकंड में पूरी की। इस स्पर्धा में ऑस्ट्रेलिया के गाउट गाउट ने 20.10 सेकंड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि बोत्सवाना के कोलेन केबिनटशिपी (20.28 सेकंड) और दक्षिण अफ्रीका के नईम जैक (20.42 सेकंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। दिन में बाद में, अविनाश साबले 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में अपनी दौड़ पूरी नहीं कर पाए। ऐसा प्रतीत हुआ कि वाटर जंप के ठीक बाद वह एक प्रतिद्वंद्वी से टकराकर गिर गए थे। इस स्पर्धा में दो बार के ओलंपिक चैंपियन मोरक्को के सोफियान एल बक्काली ने 8:03.18 के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जापान के रयूजी मिउरा (8:03.43) और केन्या के एडमंड सेरेम (8:04.00) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।



### लिवरपूल ने रिटायर की डिओगो जोटा की जर्सी

**नई दिल्ली.** लिवरपूल ने पिछले सप्ताह कार दुर्घटना में डिओगो जोटा की मौत के बाद उनके जर्सी नंबर 20 को रिटायर कर दिया है और क्लब में किसी भी स्तर पर कोई खिलाड़ी इस नंबर का उपयोग नहीं करेगा। पुर्तगाल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी 28 वर्षीय जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा (जो स्वयं फुटबॉल खिलाड़ी थे) की स्पेन के उत्तर-पश्चिमी शहर जमोरा के निकट हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। लिवरपूल ने कहा कि महिला टीम और अकादमी सहित क्लब के सभी स्तरों पर उनके नंबर को हटा दिया जाएगा। प्रीमियर लीग क्लब ने एक बयान में कहा, %यह वह नंबर था जिसे उन्होंने गर्व के साथ पहना था और हमें कई जीत दिलाई थी। डिओगो जोटा हमेशा लिवरपूल फुटबॉल क्लब का नंबर 20 खिलाड़ी रहेगा।

### अदिति अशोक संयुक्त सातवें स्थान पर

**नई दिल्ली.** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एवियन चैंपियनशिप में दो-अंडर 69 का ठोस प्रदर्शन करते हुए हाफवे मार्क पर संयुक्त रूप से सातवां स्थान हासिल किया है। पार-71 एवियन रिसॉर्ट गोल्फ क्लब में 67-69 के राउंड के साथ, अदिति अब दक्षिण कोरिया की सोमी ली (67-65) से चार शॉट पीछे हैं, जो 10 अंडर पार के साथ शीर्ष पर हैं। अदिति ने अपने 34 मेजर टूर्नामेंट में कभी शीर्ष-10 में जगह नहीं बनाई है, हालांकि 2024 एवियन में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन संयुक्त 17वां स्थान रहा था। यह उनके 35 मेजर टूर्नामेंट में 19वां कट है, जो किसी भी भारतीय गोल्फर (पुरुष या महिला) द्वारा सर्वाधिक है।

### फुटसल क्लब चैंपियनशिप 3 अगस्त से

**नई दिल्ली.** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) फुटसल क्लब चैंपियनशिप 3 अगस्त से 18 अगस्त तक उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित श्री मनोज सरकार स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। टूर्नामेंट के चौथे संस्करण में 17 क्लब ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। टीमों को चार समूहों में बांटा गया है, जिनमें से तीन में चार-चार और एक में पांच टीमें होंगी। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। उत्तराखंड की कोर्बेट एफसी मौजूदा चैंपियन है, जिसने 2023-24 के फाइनल में गोलाजो एफसी को 3-2 से हराया था।

# भारत 'ए' ने फ्रांस को तीसरी बार हराया

## आदित्य लालगे के दो गोल से मिली 3-2 की जीत

**इंधोवेन (नीदरलैंड), 12 जुलाई. भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने अपने यूरोपीय दौरे पर शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को फ्रांस को 3-2 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की इस रोमांचक मुकाबले में भारत के लिए फॉरवर्ड आदित्य अर्जुन लालगे ने दो गोल किए, जबकि बॉबी सिंह धामी ने भी एक गोल दागा।**

लालगे ने पहले मैदानी गोल किया और फिर पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदला। फ्रांस के लिए दोनों गोल क्लेमेंट ने किए।




भारत ए के कोच शिवेंद्र सिंह ने टीम के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत ए पुरुष हॉकी टीम इस दौरे की तैयारी में कड़ी मेहनत कर रही है और यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि मैदान पर भी चीजें अच्छी चल रही हैं।

# सुमित अंतिल ने फिर जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली 12 जुलाई.** दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने सातवीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया और

### इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स में चमके

पुरुषों की भाला फेंक (एफ12 एवं एफ64) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा।

यह चैंपियनशिप काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस टूर्नामेंट के प्रदर्शन से इस साल के आखिर में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल का चयन निर्भर करेगा। हरियाणा के अंतिल ने 72.25 मीटर की दूरी तक भाला फेंक कर शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके राज्य के मंजीत ने 54.56 मीटर के शानदार प्रयास के साथ रजत पदक जीता, जबकि एसएससीबी (सेना खेल संवर्धन बोर्ड) के प्रदीप कुमार ने 45.17 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।




# अनुबंध विवाद में फंसा आईएसएल का नया सत्र

## एआईएफएफ-एफएसडीएल के बीच अनबन से आईएसएल2025-26 स्थगित

**नई दिल्ली, 12 जुलाई.** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को पुष्टि की कि इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का 2025-26 सत्र स्थगित कर दिया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के चलते वार्ता रुकी

महासंघ ने कहा कि वह देश में फुटबॉल संरचना और सभी हितधारकों के लिए आईएसएल के महत्व को समझता है, साथ ही इसके आयोजन न होने से पैदा होने वाली चुनौतियों से भी अवगत है। हालांकि, एआईएफएफ ने जोर दिया कि उसे देश के कानून और भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का सम्मान करना होगा। एआईएफएफ ने बताया कि एफएसडीएल के साथ उसकी बातचीत समय पर शुरू हो गई थी और प्रस्तावों का आदान-प्रदान भी हुआ था, लेकिन उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद चर्चा स्थगित कर दी गई।

यह निर्णय आईएसएल आयोजकों और फुटबॉल महासंघ के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता के बाद आया है।देश की शीर्ष स्तरीय फुटबॉल लीग, जो आमतौर पर सितंबर से अप्रैल तक चलती है, अब अनिश्चितकाल के लिए टल गई है। आईएसएल का आयोजन करने वाली फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) और एआईएफएफ के बीच मौजूदा एमआरए 8 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रहा है, जो अगले आईएसएल सत्र के तीसरे महीने में होगा।




# विश्व कप में खेलेगा इटली

## इटली और नीदरलैंड्स ने किया क्वालीफाई

**हेंग (स्विट्जरलैंड) 12 जुलाई (वार्ता)** इटली और नीदरलैंड ने भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह पहली बार है जब इटली ने किसी आईसीसी क्रिकेट विश्वकप में जगह बनाई है।

### स्कॉटलैंड और जर्सी टूर्नामेंट से हुए बाहर

स्विट्जरलैंड के हेग में खेले गये क्वालीफायर मुकाबले में नीदरलैंड ने इटली को नौ विकेट से हराया, जबकि जर्सी ने स्कॉटलैंड को आखिरी गेंद पर एक विकेट से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस हार के साथ स्कॉटलैंड पहली बार पुरुष टी-20 विश्वकप में जगह बनाने में नाकाम रहा।

अंक तालिका में इटली क्रिकेट टीम और जर्सी दोनों के पांच-पांच अंक थे, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के आधार पर इटली ने विश्वकप के मुख्य राउंड में अपनी जगह पक्की की। अब तक कुल 15 टीमें पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। ईस्ट-एशिया पैसिफिक क्वालीफायर से तीन और अफ्रीका से दो टीमें मिलकर कुल 20 टीमों की अंतिम सूची पूरी करेंगी। इटली की क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित ओवरों में 7 विकेट गंवाकर 134 रन बनाए। इटली ओर से नंबर छह और सात स्थान पर बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। बेन मानेनटी ने 30 और ग्रांट स्टुअर्ट ने 25 रन बनाए। नीदरलैंड के लिए रोएलोफ वैन डर मेर्व सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 15 रन देकर 3 विकेट लिए और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया'।

# भारतीय तीरंदाजों ने मैड्रिड में जीते तीन पदक

**मैड्रिड, 12 जुलाई.** भारतीय तीरंदाजों ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में तीन पदक अपने नाम किए, जिसमें

### महिला कंपाउंड टीम दबाव में फिसली, स्वर्ण से चूकी

### महिला कंपाउंड टीम ने चीनी ताइपे से हारकर रजत पदक जीता

ज्योति सुरेखा वेन्नम ने सभी पदकों में अहम भूमिका निभाई। हालांकि, महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक से चूकना एक बार फिर टीम की दबाव भरी परिस्थितियों से निपटने में अक्षमता को उजागर करता है।

भारत ने महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में रजत पदक के साथ खाता खोला। शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्योति, परनीत कौर और 16 वर्षीय पदार्पण कर रही पृथिका प्रदीप की तिकड़ी, जिसने क्वालिफिकेशन में 2116 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था, स्वर्ण की ओर बढ़ती दिख रही थी। तीसरे दौर के बाद 170-169 की बढ़त के बावजूद, वे निर्णायक क्षण में चीनी ताइपे से 225-227 से हार गईं।

ज्योति ने ऋषभ यादव के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इस जोड़ी ने एल साल्वाडोर के पाओला कोराडो और डगलस व्लादिमीर नोलास्को को 156-153 से हराया। ज्योति ने व्यक्तिगत स्पर्धा में भी रजत पदक हासिल किया, फाइनल में ब्रिटेन की एला गिब्सन से 147-148 से हार गईं।

### हरिकृष्णन बने भारत के 87वें ग्रैंडमास्टर

**चेन्नई, 12 जुलाई.** भारतीय शतरंज को एक नया ग्रैंडमास्टर मिल गया है। हरिकृष्णन ए. रा. शुक्रवार को फ्रांस में ला प्लाग्ने इंटरनेशनल शतरंज फेस्टिवल में अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर-नॉर्म हासिल कर भारत के 87वें ग्रैंडमास्टर बन गए। उन्होंने अंतिम दौर में अपने हमवतन पी. इनियन के साथ ड्रॉ खेलकर यह उपलब्धि हासिल की और टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर रहे।

**फैसला** ▶ सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान की वापसी, एशिया कप और जूनियर विश्व कप से बाहर

# भारत में हॉकी टूर्नामेंटों से हटे पाकिस्तान खिलाड़ी

**कराची, 12 जुलाई. पाकिस्तान ने आगामी हॉकी टूर्नामेंट के लिए अपनी टीमों को भारत नहीं भेजने का फैसला किया है। सरकारी सूत्रों ने एएफपी को बताया कि सुरक्षा चिंताओं के कारण यह निर्णय लिया गया है, जिससे अगले साल के विश्व कप में पाकिस्तान की जगह खतरे में पड़ सकती है।**

पाकिस्तान को अगस्त और सितंबर में भारत में होने वाले पुरुष एशिया कप फील्ड हॉकी टूर्नामेंट में भाग लेना था, जिसके लिए महासंघ ने सरकार से मंजूरी मांगी थी।

एक खेल मंत्रालय के सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, हाल के युद्ध के बाद हमारे हॉकी खिलाड़ियों की सुरक्षा और संरक्षा जोखिम में होगी। सूत्र ने यह भी पुष्टि की कि पाकिस्तान नवंबर में भारत में होने वाले जूनियर विश्व कप में भी भाग नहीं लेगा।



एक समय अंतरराष्ट्रीय हॉकी में एक बड़ी ताकत रहा पाकिस्तान, जिसने तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक और चार विश्व खिताब जीते हैं, अब रैंकिंग में 15वें स्थान पर आ गया है। एशिया कप में भाग न लेने से पाकिस्तान को अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले सीनियर विश्व कप में जगह गंवानी पड़ सकती है। एक दूसरे सरकारी सूत्र ने भी इस फैसले की पुष्टि की है। भारत ने 2008 के मुंबई हमलों के बाद पाकिस्तान के साथ सभी द्विपक्षीय खेल संबंध रोक दिए थे, जिसके लिए उसने सीमा पार स्थित आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराया था। क्रिकेट सबसे अधिक प्रभावित खेल रहा है, जिसमें दोनों देश केवल विदेशों में बहुराष्ट्रीय आयोजनों में एक-दूसरे से मिलते हैं। भारत ने इस साल पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी में जाने से इनकार कर दिया था, जिससे फाइनल दुबई में तटस्थ मैदान पर आयोजित करना पड़ा। जवाबी कार्रवाई में, पाकिस्तान भी इस साल के अंत में होने वाले 50 ओवर के महिला क्रिकेट विश्व कप और 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी महिला क्रिकेट टीम को भारत नहीं भेजेगा।